प्रेस विज्ञप्ति

बी.आर. बिड़ला पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता सेमिनार

दिनांकः-04.07.2023

श्रीमान रविदत गौड़ पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार, श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में दिनांक 04.07.2023 को **बी. आर. बिड़ला पब्लिक स्कूल**, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड झंवर रोड़ जोधपुर में श्री गोरधनराम निरीक्षक पुलिस यातायात मय यातायात शिक्षा टीम द्वारा यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की पीपीटी एवं हेलमेट लघु फिल्म दिखाकर ''यातायात जागरुकता सेमिनार'' का आयोजन किया गया।

यातायात शिक्षा प्रभारी श्री हनुमानसिंह हैडकॉनिस्टेबल 1201 द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बढ़ती सडक दुर्घटनाओं के कारण बताते हुए इसमें कमी लाने हेतु यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने की समझाईश की गई। नाबालिग विद्यार्थियों द्वारा वाहन चलाने पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की विडियों क्लिप दिखाकर उनके दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तत्काल मदद करने वाले व्यक्ति (गुडसेमेरिटन) हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देश, मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवनरक्षा योजना तथा बालवाहिनी गाईड लाईन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पेम्पलेटस् वितरित किये गये।

कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रमिला शर्मा द्वारा सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने का विश्वास दिलाते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(चैनसिंह महेचा)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, आयुक्तालय जोधपुर

B R Birla
Welcomes
You

KNOWLEDGE IS POWER

BIRLA
GROUP
SINCE 1991

B.R. Birla Welcomes You